व्यापार करने वाले निगम

475. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उनके मंत्रालय के तहत कार्य कर रहे कई निगमों द्वारा व्यापार किया जाता है ;

(ख) यदि हां, तो उनके नाम और पते क्या है ।

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान उनके द्वारा देश में कितने रुपये का कारोबार किया गया तथा उन्होंने कितने रुपये का आयात और निर्यात किया; और

(घ) इनमें से किस-किस निगम को कितना लाभ/कितनी हानि हुई, कितने का माल बर्बाद हुआ, कितने का माल चोरी हो गया, कितने रुपये के लिए बीमा कम्पनियों में दावे किये गये तथा इसी अवधि के दौरान बीमा कम्पनियों ने तकनीकी कारणों से कितने रुपये के दावों को अस्वीकृत कर दिया ?

औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम) : (क) से (घ) जानकारी एकत्र की जा रही है और वह सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

ट्रैक्टर और पावर टिलर

476. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :**
डा. बापू कालदाते :

क्या **उद्योग** मंत्री 17 मार्च, 1986 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 2033 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि न तो सरकार के पास और न ही ट्रैक्टर कम्पनियों के पास कोई ऐसा सस्ता ट्रैक्टर उपलब्ध कराने के लिए जिसे सीमान्त, छोटे और मध्यम दर्जे के किसानों द्वारा प्रयुक्त किया जा सके, कोई योजना है;

(ख) क्या यह भी सच है कि पिछले वर्ष पावर-टिलर निर्माताओं, उद्योग मंत्रालय और संसद सदस्यों के बीच हुई एक अनौपचारिक बैठक में मंत्रालय द्वारा इस बात को स्वीकार किया गया था कि जब तक सरकार द्वारा पावर-टिलर निर्माताओं को अनुदान नहीं दिया जाता है तब तक यह यंत्र किसानों की पहुंच से बाहर होगा; और

(ग) क्या यह भी सच है कि सिर्फ 5 से 10 प्रतिशत तक बड़े किसान ही सरकारी योजनाओं का लाभ उठा पाते हैं जबकि छोटे किसान पिछड़े ही रहते हैं ?

औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम) : (क) से (ग) ट्रैक्टरों, शक्तिचालित हलों तथा विभिन्न आकारों की कृषि मशीनों को शामिल करने के लिए वर्तमान निर्माताओं को अपने उत्पादों की श्रेणी में विविधता लाने के लिए पूरी ढील दी गई है । इसके अतिरिक्त किसानों के लाभ के लिए 25 पी०टी० ओ० एच०पी० तक के ट्रैक्टरों तथा शक्तिचालित हलों पर उत्पादनकर में छूट दी गई है । उक्त बैठक में राज सहायता का प्रश्न सामने आया । कुछ राज्यशक्ति चालित हलों को खरीद के लिए राज-सहायता देते हैं । ऋण बैंकों द्वारा दिया जाता है ।

बरियारपुर में असंतोषजनक टेलीफोन सेवा

477. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :**
डा० बापूकालदाते :

क्या **संचार** मंत्री 3 मार्च, 1986 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 643 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बरियारपुर मुंगेर में टेलीफोन नं० 25 और 30 बराबर खराब रहते हैं और अधिकांशत: रेल-गाड़ियों के समय के बारे में कभी कोई जानकारी प्राप्त नहीं की जा सकती है; और